कार्यालय – वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा

वन भवन, स्थान+पो0+जिला – चतरा, झारखण्ड – 825401

Telefax – 06541-253690, Email – cf-chatra@gov.in

पत्रांक – 356 दिनांक – 30/04/2022

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।

विषय– मेसर्स झारखण्ड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा चतरा जिला अंतर्गत 132KV D/C Itkhori to Chatra Transmission Line निर्माण हेतु कुल 55.217 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल– 53.679 हे0 एवं चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल – 1.538 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग– आपका पत्रांक 744 दिनांक 25.04.2022

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत ट्रासमिशन लाईन निर्माण हेतु ऑफलाईन एवं ऑनलाईन प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में निहित प्रावधानों के तहत इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित प्रस्ताव की जॉच/अवलोकन भारत सरकार के निर्गत चेक लिस्ट के अनुसार किया गया। जॉचोपरान्त कतिपय त्रुटियॉ/कमियॉ पायी गयी जो निम्नवत् है :–

1. ऑनलाईन पार्ट 2 के कंडिका 4 (1) के Eco-Class कॉलम में आपके स्तर से 02 अंकित किया गया है जबकि चतरा का फॉरेस्ट Eco-Class 3 टाईप का है। इसमें सुधार की आवश्यकता है।
2. ऑनलाईन पार्ट 2 के कंडिका 5 में working plan prescription for the forest land proposed for diversion में no data अंकित है। उक्त अपयोजित होने वाले वनभूमि किस category के है अंकित किया जाना अपेक्षित है।
3. प्रस्ताव में संलग्न गैर मंजरूआ जंगल झाड़ी भूमि का निर्गत आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र के अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरान्त पाया गया कि प्लौट नं0 213 रकवा 1.19 एकड़ अर्थात 0.4817 हे0 तथा प्लौट नं0 263 रकवा 0.348 एकड़ अर्थात 0.1408 हे0 कुल 0.6225 हे0 मौजा लक्षणपुर के लिए निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र में अंकित है परन्तु भूमि विवरणी में प्लौट नं0 263 में केवल वनभूमि दिखाया गया है एवं प्लौट नं0 213 में 0.843 हे0 गैर मंजरूआ जंगल झाड़ी भूमि अंकित है। दोनों में विरोधाभास है। अतः इसे स्पष्ट किया जाय।

अतः आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव को ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रस्ताव वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त उल्लेखित त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव अविलम्ब समर्पित करने की कृपा की जाय, ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

आपका विश्वासी,

30/04/22

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चतरा।

30/4/2022